प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

ग्राम अजीतपुर में किसान चौपाल का आयोजन

पन्तनगर। 18 दिसम्बर 2024। विश्वविद्यालय में केन्द्रीय गोवंश अनुसंधान संस्थान, मेरठ द्वारा संचालित अखिल भारतीय पशु शोध समन्वित परियोजना–फ्रिजवाल द्वारा ग्राम–अजीतपुर, कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र–बरा में एस.सी.एस.पी. योजना (अनुसूचित जाति उप योजना) के अन्तर्गत पशुपालकों एवं वैज्ञानिकों के बीच किसान चौपाल का आयोजन किया गया।

किसान चौपाल का उद्घाटन डा. चन्द्र भान सिंह, परियोजना अधिकारी द्वारा किया गया। परियोजना अधिकारी द्वारा सभी पशुपालकों एवं परियोजना टीम के सदस्यों के उत्साहवर्धन करने के साथ–साथ परियोजना के उद्देश्य एवं इससे पशुपालकों को मिलने वाले लाभों पर प्रकाश डाला गया। पशु पालकों को पशुओं में लगने वाले अन्तः परजीवी, वाह्यपरजीवी, थनैला, खुरपका एवं मुँहपका आदि रोगों से सम्बन्धित समस्याओं का समाधान किया गया व डा. बृजेश सिंह, प्राध्यापक, पशुधन उत्पादन एवं प्रबन्ध विभाग द्वारा पशु प्रबन्धन के बिन्दुओं पर प्रकाश डालने के साथ–साथ पशुपालन के सभी तकनीकी आयामों को अपनाकर उन्नत पशुपालन करने एवं पशुओं के साथ अंगी–अंगा का भाव रखने की सलाह दी गयी। किसान चौपाल में पशुपालकों का पंजीकरण एवं सामग्री वितरण व धन्यवाद प्रस्ताव श्री शिवांशु तिवारी द्वारा किया गया। किसान चौपाल में कुल 28 पशुपालकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

किसान चौपाल कार्यक्रम में सामग्री के साथ पशुपालक।

निदेशक संचार